# हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
## अवधि 4/2013 से 3/2014

## भाग–एक

1 **प्रारम्भिकः–**

**(क)** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड के लेखाओं का अंकेक्षण स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा तकनीकी शिक्षा बोर्ड, अधिनियम 1986 की धारा 20 के अन्तर्गत दिए गए प्रावधानों के अनुसार किया जाता है।

**(ख) वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्नलिखित अधिकारी तकनीकी शिक्षा बोर्ड में कार्यरत्त रहेः–**

| क्र0सं0 | पद | नाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष | श्री के0 संजय मूर्ति | 9.7.12 से 01.07.13 |
| 2 | अध्यक्ष | श्री बलवीर टेगटा | 02.07.13 से लगातार |
| 3 | सचिव | श्री सुनील कुमार वर्मा | 17.3.10 से लगातार |
| 4 | आहरण एवं वितरण अधिकारी | श्री मुलख राज शर्मा | 19.3.10 से 31.03.14 |

**(ग) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

| क्र0सं0 | पैरा सं0 | गम्भीर अनियमितताओं का सार | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 5 | सावधि जमा योजना में राशि जमा न करवाने के कारण लगभग ब्याज के रूप में राशि की हानि बारे | 3.52 |
| 2 | 6 | दिनाँक 31.03.14 को अग्रधन की राशि का समायोजन हेतु शेष पाया जाना | 0.19 |
| 3 | 8 | HPSIDC द्वारा खर्च न की गई राशि को वापिस न लेने बारे | 0.38 |
| 4 | 9 | मै0 एस0पी0एस0 इन्टरनेशनल द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति देरी से करने पर भी उनसे नियमानुसार जुर्माने की राशि की वसूली न करना | 0.48 |
| 5 | 10 | अनियमित रूप से जमानत की राशि लौटाना | 1.40 |

**(घ) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरों के निपटारे हेतु विशेष कार्रवाई नहीं की गई है। अतः बोर्ड प्रशासन को सुझाव दिया जाता है कि पुराने लम्बित पैरों के निपटारे हेतु अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाए ताकि पुराने पैरों का निपटारा यथासमय किया जा सके। अनिर्णीत पैरों का विवरण इस प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "A"** पर दिया गया है।

## भाग–दो

**2 वर्तमान अंकेक्षणः–**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के अवधि 4/13 से 3/14 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण/जाँच परीक्षण, श्री मुकेश कुमार स्नेही (अनुभाग अधिकारी) द्वारा दिनांक 14.10.14 से 21.11.14 के दौरान बोर्ड कार्यालय में सम्पन्न किया गया। आय की विस्तृत जॉच हेतु माह 4/13 व व्यय की विस्तृत जॉच हेतु माह 2/14 के लेखाओं का चयन किया गया।

यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन बोर्ड के नियन्त्रण अधिकारी/सचिव द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो अंकेक्षण के दौरान उपलब्ध नहीं करवाई गई, की जिम्मेवारी लेने से इन्कार करता है।

**3 अंकेक्षण शुल्कः–**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड के अवधि 4/13 से 3/14 के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹21000/– बनता है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 281 दिनांक 21.11.14 द्वारा सचिव, हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड से अनुरोध किया गया जिस पर कार्रवाई करते हुये बोर्ड द्वारा उक्त अंकेक्षण शुल्क राशि ड्राफ्ट संख्या 496977 दिनांक 8.12.14 द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–9 को प्रेषित कर दी गई है।

**4 वित्तीय स्थितिः–**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा उपलब्ध करवाई गई बोर्ड की अंकेक्षण अवधि की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से रहीः–

**(क) GENERAL+PAT Cash Book 2013-14 (परिशिष्ट–B)**

| विवरण | राशि |
|---|---:|
| आ0 शेष | 97923159.31 |
| पावतियां | 82116050.00 |
| ब्याज (बचत | 1383207.00 |
| ब्याज (सावधि) | 15775724.00 |
| **कुल योग** | **197198140.31** |
| व्यय | 48010113.00 |
| **अन्तशेष** | **149188027.31** |

**अन्तशेष का विवरणः–**

दिनांक 31.3.14 को सामान्य निधि+PAT निधि से सम्बन्धित बचत खातों में तथा सावधि जमा योजना में निवेशित राशि अन्तशेष का विवरण निम्न प्रकार से दर्शाया गयाः– **(परिशिष्ट B-I व B-2)**

**बेंक खातों में जमा राशि (परिशिष्ट B-I)**

| **क्र0सं0** | **खाता सं0** | **बैंक का नाम** | **राशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | 20129033816 | के0सी0सी0 दाड़ी | 14929586.00 |
| 2 | 10551097385 | एस0बी0आई0 धर्मशाला | 1499747.73 |
| 3 | 11510110009284 | यूको बैंक | 3201603.50 |
| 4 | 20129032449 | के0सी0सी0(PAT)दाड़ी | 111425.00 |
| 5 | 10551212323 | एस0बी0आई0 धर्मशाला (PAT) | 31324.58 |
| 6 | 87950100608745 | हि0ग्रामीण बैंक दाड़ी | 2486547.00 |
| 7 | 26030110001707 | यूको बैंक | 1158235.00 |
| | | **योग** | **23418468.81** |
| **सामान्य निधि+PAT निधि से सम्बन्धित सावधि जमा योजना में निवेशित राशि (परिशिष्ट B -2)** | | | **135964826.00** |
| | | **कुल योग** | **159383294.81** |

**नोट–1ः–** दिनांक 31.3.14 को रोकड़ वही एवं बैंक के अन्तशेष में (₹159383294.81 –₹149188027.31=₹10195267.50) का अन्तर पाया गया जिससे सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणिका **परिशिष्ट B-I** पर दी गई है।

**नोट–2ः–** उक्त **परिशिष्ट B-I** पर वर्णित बैंक समाधान विवरणिका में कुछ राशियाँ पिछले कुछ वर्षों से अनिर्णीत चली आ रही है जिनका समायोजन करके तदानुसार बैंक समाधान विवरणिका तैयार की जाए।

**नोट 3ः–** उक्त **परिशिष्ट B-I** में वर्णित बैंक समाधन विवरणिका में कुछ चैक बैंक में जमा दर्शाए गए जिनको बैंक द्वारा 31.03.14 क्रेडिट नहीं किया गया है। अतः इन चैकों को 31.03.14 के पश्चात बैंक द्वारा क्रेडिट करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार बैंक समाधान विवरणिका में कुछ चैक जारी किए गए दर्शाए गए है जिनको दिनाँक 31.03.14 तक बैंक में प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः इन चैकों को 31.03.14 के पश्चात प्रस्तुत करने की तिथि अंकित की जाए तथा यदि इनमें से कुछ चैक निर्धारित समय अवधि तक बैंक में प्रस्तुत नहीं किए गए हो तो उन चैकों के बारे में नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाकर इनको वापिस खातों में जमा किया जाए।

**(ख) TWF CASH BOOK 2013-14 (परिशिष्ट–C)**

| विवरण | राशि |
|---|---|
| आ0शेष | 342984.67 |
| पावतियां | 81942.00 |
| ब्याज | 13896.00 |
| **योग** | **438822.67** |
| व्यय | 102.00 |
| **अन्तशेष** | **438720.67** |

**अन्तशेष का विवरणः–**

TWF CASH BOOK से सम्बन्धित बैंक खातों में दिनांक 31.3.14 को अन्तशेष निम्न प्रकार से रहाः–**(परिशिष्ट C-I)**

| बैंक का नाम | खाता सं0 | राशि |
|---|---|---|
| SBI | 10551210336 | 425361.67 |

**नोट–1ः–** दिनांक 31.3.14 को रोकड़ वही तथा बैंक खाते में जमा राशि में (₹438720.67 –₹425361.67=₹13359/–) का अन्तर पाया गया जिससे सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणिका **परिशिष्ट C-1** पर दी गई है।

**नोट–2ः–** उक्त **परिशिष्ट C-I** में वर्णित बैंक समाधान विवरणिका में कुछ राशियाँ पिछले कुछ वर्षों से अनिर्णीत चली आ रही है जिनका समायोजन करके तदानुसार बैंक समाधान विवरणिका तैयार की जाए।

**(ग)CPF CASH BOOK 2013-14 (परिशिष्ट–D)**

| विवरण | राशि |
|---|---|
| आ0शेष | 11565316.06 |
| पावतियां | 2116437.00 |
| ब्याज (सावधि+बचत) | 2415802.00 |
| सामान्य खाता से हस्तांतरित | 300000 |
| **योग** | **16397555.06** |
| व्यय | 1208398.00 |
| **अन्तशेष** | **15189157.06** |

**अन्तशेष का विवरणः–**

CPF CASH BOOK से सम्बन्धित बैंक खातों में दिनांक 31.3.14 को अन्तशेष निम्न प्रकार से रहाः–

| बैंक का नाम | परिशिष्ट | खाता सं0 | राशि |
|---|---|---|---|
| SBI | **परिशिष्ट D-I** | 10551097396 | 963150.06 |
| सावधि जमा में निवेशित राशि | **परिशिष्ट D-2** | | 14159662.00 |
| | **योग** | | **15122812.06** |

**नोटः–1ः–** दिनांक 31.3.14 को रोकड़ वही एवं बैंक खातों के अन्तिम शेष में (₹15189157.06 – ₹15122812.06=₹66345) का अन्तर पाया गया जिससे सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणिका **परिशिष्ट D-I** पर दी गई है।

**नोट–2ः–** उक्त **परिशिष्ट D-I** में वर्णित बैंक समाधान विवरणिका में कुछ राशियाँ पिछले कुछ वर्षों से अनिर्णीत चली आ रही है जिनका समायोजन करके तदानुसार बैंक समाधान विवरणिका तैयार की जाए।

**नोट–3ः–** बोर्ड की C.P.F से सम्बन्धित दायित्व (Liabilities) तथा उसका भुगतान करने के लिए C.P.F. से सम्बन्धित विभिन्न बैंक खातों में जमा राशि एवं सावधि में जमा राशि का विवरण **परिशिष्ट D-3** पर दिया गया है।

**नोट–4ः–** उक्त **परिशिष्ट D-3** के अनुसार CPF से सम्बन्धित दायित्व को (Libilities) का Ledgers के अनुसार दिनाँक 01.04.13 को प्रारम्भिक शेष ₹13282880/– दर्शाया गया है जबकि गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 01.04.12 से 31.03.13 के **परिशिष्ट D–3** के अनुसार CPF से सम्बन्धित दायित्व (Liabilities) का दिनाँक 31.03.13 को अन्तशेष ₹13432882/–दर्शाया गया था। अतः CPF से सम्बन्धित दायित्व के अनुसार (Liabilities) में Ledgers के गत वर्ष के अन्तशेष तथा वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदनों के प्रारम्भिक शेष में ₹150002/– के अन्तर का औचित्य स्पष्ट किया जाए।

**(घ) गुप्त निधि 2013–14 (परिशिष्ट–E)**

**परिशिष्ट E** में संलग्न उपयोगिता प्रमाण पत्र के अनुसार गुप्त निधि खाते को हस्तांतरित की गई राशि व उसमें सें किए गए व्यय एवं अन्तशेष का विवरण निम्न प्रकार से रहाः–

| विवरण | राशि |
|---|---|
| आ0 शेष | 418658.74 |
| सामान्य खाता से हस्तांतरित राशि | 3000000.00 |

| | |
|---|---|
| ब्याज | 24890.00 |
| अन्य आय | 2000.00 |
| **योग** | **3445548.74** |
| व्यय | **3012826.00** |
| **अन्तशेष** | 432722.74 |

## 5 सावधि जमा योजना में राशि में जमा न करवाने के कारण लगभग ब्याज के रूप में ₹352646/– की हानि बारेः–

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि बोर्ड द्वारा DCRG व Leave Encashment हेतु दिनाँक 31.03.1 को ₹9636030/– General Fund से निकाल कर उक्त प्रावधान हेतु सुरक्षित के0सी0सी0 बैंक के बचत खाता संख्या 50058413634 में जमा करवाई गई। अंकेक्षण हेतु सेवा निवृति से सम्बन्धित रिकार्ड की जाँच करने पर पाया गया कि निकटतम सेवा निवृति श्री रमेश चन्द, स्टेनोग्राफर की थी जो कि लगभग 3 वर्ष बाद है। अतः उक्त राशि में से कुछ राशि सावधि जमा में सुरक्षित रखी जा सकती थी। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 270 दिनाँक 31.10.14 द्वारा सचिव तकनीकी शिक्षा बोर्ड को अवगत करवाया गया जिसके प्रतिउत्तर में सचिव तकनीकी शिक्षा बोर्ड के पत्र संख्या HTSB/ACCT/Budget/23-Vol-6-2013-12886 दिनाँक 10.11.14 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त बचत खाते में जमा राशि General Fund का हिस्सा है जिसे बोर्ड के अकस्मात व्ययों तथा वेतन सम्बन्धी अन्य व्ययों के लिए आवश्यकता पड़ने पर इस राशि का उपयोग किया जा सकता था परन्तु बोर्ड के अधिकारियों का उक्त तर्क उचित प्रतीत नहीं होता है। यदि उक्त राशि में से 75% ₹7227022 भी सावधि जमा में निवेश की जाती तो तकनीकी शिक्षा बोर्ड को निम्नविवरणानुसार ₹352646/– के ब्याज के अधिक आय हो सकती है जिसकी अप्रत्यक्ष रूप से हानि हुई है। अतः यह मामला उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ इस आशय से लाया जाता है कि इस प्रकरण में आन्तरिक जाँच करके तथा उचित वित्तीय प्रबन्धन करते हुये ही राशि को निवेशित किया जाए।

| | |
|---|---|
| ₹7227022 पर 9.5% की दर से 7 महीने का सावधि ब्याज राशि | 406502 |
| बचत ब्याज राशि | ₹53856 |
| ब्याज के रूप में हानि | ₹352646 |

## 6 दिनाँक 31.03.14 को अग्रधन की ₹19106/– का समायोजन हेतु शेष पाया जानाः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दिनाँक 31.03.14 की विभिन्न विभागों कर्मचारियों/अधिकारियों व फर्मों के नाम अग्रधन के रूप में ₹19106/– समायोजन हेतु शेष पाई गई जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट F** पर दिया गया है। जाँच के दौरान यह भी पाया गया कि अग्रधन के रूप में समायोजन हेतु शेष कुछ राशियाँ वर्ष 1987 से 1992 से सम्बन्धित है जिनके समायोजन हेतु लगभग 22 से 25 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी कोई प्रयास नहीं किए जा रहे है। अतः अग्रधन के रूप में समायोजन हेतु शेष पड़ी राशियों का समायोजन प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 7 उपयोगिता प्रमाण पत्र न प्रस्तुत करने बारेः–

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा मुख्य अधीक्षण अभियन्ता हिमाचल प्रदेश औद्योगिक विकास कारपोरेशन लिमिटेड शिमला के पास Deposit Work Scheme के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्यों हेतु दिनाँक 31.3.14 तक ₹271650/– जमा करवाई गई परन्तु इन कार्यों से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण में आवश्यक जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए। अतः इन उपयोगिता प्रमाण पत्रों को सम्बन्धित विभाग से अविलम्ब प्राप्त करके आगामी आडिट में सत्यापन हेतु प्रस्तुत किया जाए।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | ड्राफ्ट सं0 व दिनाँक | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | SRMO Toilet of type IV Tech Board Calony | 367713/17.10.13 | 39150 |
| 2 | SRMO Toilet Bath WC of type III | 367710/15.10.13 | 49000 |
| 3 | Providing E.I. in 2 No. Type III | 743715/2.12.13 | 50000 |
| 4 | P/F PVC water storage tank 8 No. 1000 Ltrs in Colony | 743720/16.12.13 | 133500 |
| | | **योग** | **₹271650** |

## 8 HPSIDC द्वारा खर्च न की गई ₹38643/– को वापिस न लेने बारेः–

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि बोर्ड द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्यों के लिए अधिक्षण अभियन्ता HPSIDC Ltd शिमला के पास ₹1249200/– जमा करवाई गई परन्तु उनके उपयोगिता प्रमाण पत्रों के अनुसार इन निर्माण कार्यों पर कुल ₹1210557/– खर्च की गई। इस प्रकार HPSIDC Ltd शिमला द्वारा (₹1249200–₹1210557=₹38643/–) कम खर्च की गई। अतः उक्त संस्था से ₹38643/– शीघ्र वसूल कर बोर्ड की निधि में जमा करवाई जाए व अनुपालना से आडिट को अवगत करवाया जाए।

| कार्य का नाम | यू0सी0 पत्र सं0 | जमा की गई राशि | यू0सी0 अनुसार खर्च राशि | कम खर्च | कार्य की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| U Shape drain on front & back side of admn block C/O Approach Road from PWD road to Admn Block & C/O edge wall | HPSIDC/EE/D/Shala/UCS-110-2695 Dt. 27.02.12 | 933300 | 909429 | 23871 | पूर्ण |
| P/F Steel racks in store of Technical Board D/Shala | HPSIDC/D/Shala/100-3135 Dt. 04.03.14 | 315900 | 301128 | 14772 | पूर्ण |
| | | योग | 38643 | | |

## 9 मै0 एस0पी0एस0 इन्टरनेशनल द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति देरी से करने पर भी उनसे नियमानुसार जुर्माने की ₹48195/– की वसूली न करने बारेः–

बोर्ड द्वारा मै0 एस0पी0एस0 इन्ट्रनैशनल दिल्ली को निम्न विवरणानुसार उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति हेतु भुगतान किया गया।

| वाउचर संख्या | दिनाँक | राशि |
|---|---|---|
| 254 | 14.6.13 | 793800 |
| 402 | 23.8.13 | 198450 |

बोर्ड द्वारा उक्त वर्णित वाउचर संख्या 254 दिनाँक 14.06.13 के अन्तर्गत किए गए ₹793800/– के भुगतान से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि बोर्ड द्वारा फर्म को आपूर्ति आदेश वर्क आर्डर संख्या OMR/Answer Sheets/2011-1718 दिनाँक 18.04.13 द्वारा दिया गया था तथा फर्म से दिनाँक 04.05.13 तक उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति करने हेतु अनुबन्ध किया गया था। इस सन्दर्भ में फर्म के पत्र संख्या SPS/SKJ/2013-14 दिनाँक 20.04.13 द्वारा अन्तिम तिथि 15 दिन बढ़ाने हेतु अनुरोध किया गया व बोर्ड के पत्र संख्या :– HTSB/Stare/OMR/-Answer Sheets/2011-1775 दिनाँक 22.04.13 द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं को 04.05.13 के स्थान पर 18.05.13 तक पहुँचाने के लिए निर्देश दिए गए। फर्म द्वारा 90000 उत्तर पुस्तिकाएं की आपूर्ति दिनाँक 16.05.13 को डिलवरी नोट संख्या 1773 द्वारा की गई परन्तु बकाया 85000 उत्तर पुस्तिकाएं की देरी से डिलवरी नोट संख्या 1790 दिनाँक 22.05.13

द्वारा पहुँचाई गई। इस प्रकार वर्क आर्डर की शर्त 3 व अनुबन्ध की शर्त 1 (डी) के अनुसार फर्म से 85000X5.67=₹481950/— के 10**%** की ₹48195/— जुर्माना के रूप में फर्म के बिल से काटनी अपेक्षित थी क्योंकि फर्म द्वारा नियत तिथि को उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति नहीं की गई थी। इस सम्बन्ध में आडिट अधियाचना संख्या 272 दिनाँक 3.11.14 द्वारा सचिव, तकनीकी शिक्षा बोर्ड को अवगत करवाया गया परन्तु बोर्ड कार्यालय द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया। अतः उक्त अनियमितता का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा यह भी परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में प्रिटिंग से सम्बन्धित भुगतान अनुबन्ध व अवार्ड की शर्तों अनुसार ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि बोर्ड प्रशासन को किसी प्रकार की वित्तीय हानि न उठानी पड़ी। इसके अतिरिक्त उक्त फर्म की performance सही न होने पर भी बोर्ड प्रशासन द्वारा बार–2 प्रिटिंग से सम्बन्धित कार्य केवल उक्त फर्म को आबंटित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 7 व 8 के द्वारा अंकेक्षण द्वारा आपत्ति भी उठाई जा चुकी है। अतः उक्त मामला बोर्ड के उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ वाँछित छानबीन एवं उचित कार्रवाई हेतु लाया जाता है। इस सन्दर्भ में अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 10 अनियमित रूप से जमानत की ₹140450 लौटाने के बारे में:–

कार्य का नामः– Modification of Board website

फर्म का नामः– मै0 सी0एस0 डाटा मेंशन रिसर्च सैन्टर लि0 दिल्ली

अवार्ड संख्याः– HTB/Store/Tender/-1173 दिनाँक 04.04.13

अवार्ड मूल्यः– ₹595508/–

उपरोक्त कार्य से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि बोर्ड द्वारा इस कार्य के लिए उक्त फर्म से 2 लाख रूपये बतौर Performance Security की वसूली की गई। रिकार्ड की जाँच करने पर पाया गया कि उक्त फर्म द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया व अनुबन्ध की शर्त 12 अनुसार उक्त कार्य की जमानत राशि को जब्त करना अपेक्षित था परन्तु बोर्ड द्वारा आंबटित मूल्य के 10**%** के रूप में जमानत राशि काटकर जमानत की बकाया ₹200000–₹59550=₹140450/– वाऊचर संख्या 882 दिनाँक/माह 2/14 द्वारा उक्त फर्म को लौटा दी गई जोकि उचित नहीं था। अतः ₹140450/– का भुगतान करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना से आगामी आडिट को अवगत करवाया जाए।

11 **वाहनः—**

त्कनीकी शिक्षा बोर्ड के वाहन पर किए गए खर्चे से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच में निमनलिखित अनियमितता पाई गईः—

**(क) वाहन संख्या एच0पी0—39—4315 का गोपनीय कार्य के लिए प्रयोग बारेः—**

जाँच में पाया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान बोर्ड द्वारा वाहन संख्या एच0पी0—39—4315 का लगभग 19102 कि0मी0 गोपनीय कार्यों हेतु प्रयोग किया गया जिसके लिए 2729 लीटर डीजल उक्त गाड़ी में डाला गया व वर्तमान दर ₹55.65 पैसे के अनुसार कुल ₹151869/— सामान्य भविष्य निधि से गोपनीय कार्यों हेतु खर्च की गई। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में उक्त कार्यों के लिए गोपनीय निधि से ही व्यय राशि की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से आडिट को अवगत करवाया जाए।

**(ख) वाहन संख्या एच0पी0—39—4315 की औसत कम दर्शाने बारेः—**

जाँच में पाया गया कि बोर्ड द्वारा वाहन संख्या एच0पी0—39—4315 की औसत कम दर्शाई जा रही है। इस सम्बन्ध में सचिव द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि एस0डी0ओ0, पी0डब्लयू0डी0 धर्मशाला द्वारा उक्त वाहन की औसत 7.06 कि0मी0 प्रति लीटर निर्धारित की गई है। इस प्रकार व्हीकल मेनटेन्स एक्ट के अनुसार इसी औसत के अन्दर गाड़ी चलानी आवश्यक होती है परन्तु उक्त वाहन की लागबुक की जाँच करने पर पाया गया कि इस वाहन की औसत कम दर्शाई जा रही है व तेल की खपत अधिक दर्शाई गई है। अंकेक्षण अवधि 4/13 से 3/14 के दौरान उक्त वाहन की दर्शाई गई औसत तथा तेल का खपत का विवरण निम्नानुसार हैः—

| माह | माह में की गई कुल यात्रा | माह में दर्शाई गई औसत प्रति लीटर | माह में औसत अनुसार तेल खपत | 7.6 लीटर प्रति KM पर वाँछित खपत | माह में की गई अधिक खपत |
|---|---|---|---|---|---|
| 5/13 | 4406 | 7.0 | 629 | 624 | 5 |
| 6/13 | 422 | 7.0 | 203 | 201 | 2 |
| 8/13 | 3990 | 7.0 | 570 | 565 | 5 |
| 9/13 | 1809 | 7.01 | 258 | 256 | 2 |
| 10/13 | 3345 | 7.01 | 477 | 473 | 4 |
| 11/13 | 3152 | 7.0 | 450 | 446 | 4 |
| 12/13 | 3162 | 7.01 | 451 | 448 | 3 |
| 2/14 | 1077 | 7.01 | 154 | 152 | 2 |
| | | | | **कुल अधिक खपत** | **27 लीटर** |

अतः वाहन की औसत को कम दर्शाने के परिणामस्वरूप अधिक इस्तेमाल किए गए तेल की कीमत की उचित स्त्रोत से वसूली करके बोर्ड निधि में जमा करवाई जाए व की गई कार्रवाई से इस कार्यालय को अवगत करवाया जाए।

**(ग) वाहन संख्या एच0पी0–39 बी–3323 की औसत तेल खपत का निर्धारण न करवाने बारेः–**

उपरोक्त वाहन की लॉग बुक की जाँच करने पर पाया गया कि बोर्ड द्वारा वाहन की औसत तेल की खपत किसी मान्यता प्राप्त सरकारी संस्था से निर्धारित नहीं करवाई गई है तथा बोर्ड द्वारा इस वाहन की निम्नविवरणानुसार प्रत्येक माह में अलग–2 औसत दर्शाई जा रही है।

| अवधि माह | औसत |
|---|---|
| 4/13 | 7.50 |
| 5/13 | 8.00 |
| 6/13 | 8.07 |
| 7/13 | 8.02 |
| 8/13 | 7.95 |
| 9/13 | 7.40 |
| 10/13 | 8.00 |
| 11/13 | 8.03 |
| 12/13 | 8.01 |
| 1/14 | 8.03 |
| 2/14 | 8.02 |
| 3/14 | 8.00 |

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/11 से 3/12 के पैरा 15 व अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/12 से 3/13 के पैरा संख्या 13 में भी परामर्श दिया गया था कि इस वाहन की औसत का निर्धारण किसी मान्यता प्राप्त सरकारी संस्था से करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए परन्तु अभी तक भी अंकेक्षण के इस सुझाव पर अमल नहीं लाया गया है। अतः यह मामला उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाया जाता है तथा पुनः परामर्श दिया जाता है कि इस प्रकरण में अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**12 गलत वेतन निर्धारण के कारण ₹7071/– का अधिक भुगतान करनाः–**

हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या फिन (सी) बी (7) 5/2009 दिनाँक 3.12.09 के अनुसार अनुबन्ध के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के संशोधित वेतन का निर्धारण दिनाँक 1.12.09 से "Equal to the minimum of pay band plus grade pay applicable to

the corresponding cadre of employees" के आधार किया जाना था, परन्तु बोर्ड में कार्यरत्त अनुबन्ध के आधार पर कर्मचारियों की सेवा पंजिकाओं की जाँच के उपरान्त यह पाया गया कि अनुबन्ध कर्मचारियों के संशोधित वेतन का निर्धारण उपरोक्त अधिसूचना के अनुरूप नहीं किया गया था जिस कारण इन कर्मचारियों को निम्न विवरणानुसार ₹7071/– का अधिक भुगतान किया गया।

| कर्मचारी का नाम | अवधि | Due | Drawn | अन्तर | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| श्री सुदर्शन कुमार (कम्पयूटर सहायक) | 1.04.13 से 5.7.13 (3 माह 5 दिन ) दिनाँक 6.7.13 से नियमित | 15820 | 16350 | 530 | 1675 |
| संशोधित वेतन 10300+3800=14100 | 1.04.13 से 4.07.13 (3 माह 4 दिन) | | | | |
| श्री पवन कुमार (चालक) | | | | | |
| संशोधित वेतन 5910+2000=7910 | दिनाँक 5.7.13 से नियमित | 8630 | 8990 | 360 | 1126 |
| श्री राकेश शर्मा (चालक) | 1.4.13 से 31.8.13 (5 माह) | 8390 | 8740 | 350 | 1750 |
| | 1.09.13 से 31.3.14 (7 माह) | 8630 | 8990 | 360 | 2520 |
| | | | | **जोड़** | **₹7071** |

अतः सँस्था स्तर पर आवश्यक जाँच करके अधिक भुगतान की गई राशि वसूली की जाए तथा इसे बोर्ड निधि में जमा किया जाए।

## 13 स्टॉक प्रविष्टियों की जाँच न करवाने बारेः–

वाउचर संख्या 845 माह 2/14 की जाँच करने पर कि मै0 मोर्डन फिलिंग स्टेशन धर्मशाला को उनके बिल संख्या 18446 दिनाँक 6.02.14 के एवज में 5 लीटर पैट्रोल जनरेटर में डालने हेतु भुगतान किया गया परन्तु 5 लीटर पैट्रोल की स्टॉक प्रविष्टि अंकेक्षण में आवश्यक जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं की गई जिसके अभाव में अंकेक्षण द्वारा खरीद की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः स्टॉक प्रविष्टि न प्रस्तुत करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना से आडिट को अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि बोर्ड द्वारा निम्नविवरणानुसार परीक्षा फार्म विभिन्न संस्थानों को जारी किए परन्तु इन फार्मों को स्टॉक रजिस्टर से खारिज नहीं किया गया जिसके अभाव में स्टॉक रजिस्टर में बकाया फार्मों की सही स्थिति की जाँच नहीं की जा सकी। अतः फार्मों को स्टॉक रजिस्टर से खारिज न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना से आडिट को अवगत करवाया जाए।

| रसीद संख्या | दिनाँक | फार्मों की संख्या | संस्था का नाम |
|---|---|---|---|
| 57644 | 1.04.13 | 635 | प्रधानाचार्य मिनीखा पोल टेकनीक इन्दौरा |
| 57801 | 12.4.13 | 1000 | आई0टी0आई0 ऊना |

**14 भुगतान की गई राशि हेतु सम्बन्धित फर्म के स्थान पर अन्य फर्म की वास्तविक भुगतान रसीद प्रस्तुत करने बारेः–**

वाउचर संख्या 875 माह 2/14 के अन्तर्गत बोर्ड द्वारा ₹46798/– का भुगतान मै0 धर्मशाला ट्रेवल धर्मशाला को इनके बिल संख्या 11 दिनाँक 22.01.14 के एवज में प्रश्न पत्र की ढुलाई हेतु भुगतान किया गया परन्तु इस सम्बन्ध में अंकेक्षण को प्रस्तुत की गई वास्तविक भुगतान रसीद पर मै0 देवा ट्रेवल धर्मशाला का नाम अंकित है। अतः भुगतान की फर्म से सम्बन्धित राशि के अभाव में भुगतान की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः सम्बन्धित फर्म की रसीद न प्रस्तुत करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना से आडिट को अवगत करवाया जाए।

**15 लघु आपत्ति विवरणिकाः–** यह संस्था को अलग से जारी नहीं की गई है।

**16 निष्कर्षः–** लेखों के रख रखाव में सुधार व कड़े निरीक्षण की आवश्यकता है।

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः फिन (एल0ए0)एच(2)सी(15)(14) 111/87 खण्ड–8–932–937
दिनांक,25.2.15 शिमला–171009
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

**पंजीकृत** 1 सचिव, हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला, जिला कांगड़ा को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को प्रतिवेदन जारी होने से एक माह के भीतर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

2 निदेशक तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, सुन्दरनगर, जिला मण्डी,हि0प्र0

3 अवर सचिव (तकनीकी शिक्षा) हि0प्र0 सरकार, शिमला–2

4 श्री मुकेश कुमार स्नेही, अनुभाग अधिकारी द्वारा

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

## परिशिष्ट–"A"

## पैरा संख्या 1 (घ) में सन्दर्भित

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1988 से 1989 | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | |
| 1 | पैरा–5 (ए) | अनिर्णीत | ₹350/–की कम वसूली | |
| | | | **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1990 से 1992** | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | |
| 1 | पैरा–7 | अनिर्णीत | मानदेय राशि के भुगतान के सन्दर्भ में | |
| 2 | पैरा–15 (क) | अनिर्णीत | प्रतिनियुक्ति भत्ते के रूप में ₹3578/–की वसूली बारे | |
| 3 | पैरा–15 (ख) | अनिर्णीत | प्रतिनियुक्ति भत्ते के रूप में ₹1614/–की वसूली बारे | |
| 4 | पैरा–16 | आंशिक निर्णीत | प्रतिनियुक्ति पर गलत वेतन निर्धारण के कारण ₹36881 की वसूली बारे | |
| | **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1992 से 1995** | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | |
| 1 | पैरा–8 | अनिर्णीत | मानदेय के रूप में किए गए ₹10000/–के भुगतान बारे | |
| 2 | पैरा–13 | अनिर्णीत | प्रतिनियुक्ति के रूप में किए गए अनियमित भुगतान के सन्दर्भ में | |
| | **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1995 से 1997** | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | |
| 1 | पैरा–6 (2) | निर्णीत | परीक्षा शुल्क की ₹810/–की कम वसूली बारे | (दिनाँक21.01.14 बोर्ड मिटिंग में ₹835/– wave off कार्रवाई देख ली है) |
| 2 | पैरा–6 (4) | निर्णीत | परीक्षा शुल्क की ₹25/–की कम वसूली बारे | |
| 3 | पैरा–10 | अनिर्णीत | पी0ए0टी0 से सम्बन्धित मानदेय का अनियमित भुगतान | |
| 4 | पैरा–10 (क) | अनिर्णीत | पी0ए0टी0 से सम्बन्धित मानदेय का अनियमित भुगतान | |
| 5 | पैरा–14 (क) | आंशिक निर्णीत | परीक्षा संचालन सम्बन्धी मापदण्डों के विपरीत अधिक भुगतान की गई ₹1585/–की वसूली बारे | (₹760 wave off in Board Meeting) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1997 से 1998 | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | |
| 1 | पैरा–9 | अनिर्णीत | ₹3808/–की घटिया सामग्री की आपूर्ति के सन्दर्भ में | |
| 2 | पैरा–22 (ङ) | अनिर्णीत | अधिवक्ता के किए गए अधिक भुगतान के सन्दर्भ में | |
| | अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2000 से 2001 | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | |
| 1 | पैरा–7 | अनिर्णीत | आवास भत्ते के रूप में ₹6351/–की वसूली बारे | |
| | अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2002 से 2003 | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | |
| 1 | पैरा–9 (1) | निर्णीत | कालातीत यात्रा भत्ते के बिलों के भुगतान के सन्दर्भ में | (₹700 की वसूली रसीद संख्या 8461 दिनाँक 17.6.14 द्वारा कर ली गई) |
| | अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2004 से 2006 | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | |
| 1 | पैरा–6 | निर्णीत | पंजीकरण शुल्क की ₹66280/–की कम वसूली बारे | (वाउचर संख्या 837 दिनाँक 6.2.14 द्वारा वसूली कर ली है) |
| | अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2007 से 2008 | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | |
| 1 | पैरा–5 (3) | आंशिक निर्णीत | बैंक द्वारा ₹20450/– का क्रेडिट न देने व ₹24688/–का अकारण ही बैंक द्वारा डेबिट करना | (बोर्ड द्वारा प्रस्तुत कार्रवाई देख ली है) |
| 2 | पैरा–5 (4) | निर्णीत | पी0ए0टी0 खाते में बैंक द्वारा ₹3179/–का क्रेडिट न देने बारे | (कार्रवाई देख ली है) |
| 3 | पैरा–8 | अनिर्णीत | बोर्ड की समस्त भूमि का राजस्व सम्बन्धी रिकार्ड प्रस्तुत करने बारे | |
| 4 | पैरा–11 | अनिर्णीत | हिमाचल प्रदेश सिविल सर्विसिज अंशदाय पैशन नियम 2006 को लागू न करने बारे | |
| | | | | |

| | अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2008 से 2009 | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | **टिप्पणी** |
| 1 | पैरा–6 | निर्णीत | पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹67750/–निदेशक तकनीकी शिक्षा से वसूल न करने बारे | (वाउचर संख्या 837 दिनाँक 6.2.14 द्वारा वसूली कर ली है) |
| 2 | पैरा–13 | अनिर्णीत | प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु अधिक किए गए भुगतान की वसूली बारे | |
| 3 | पैरा–16 | अनिर्णीत | ₹12449/–के भुगतान बारे | |
| 4 | पैरा–21 (ख) | अनिर्णीत | लॉग बुक की यात्राऐं बोर्ड के किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सत्यापित न करने बारे तथा यात्रा का उद्देश्य न दिये जाने बारे | |
| | **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2009 से 2010** | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | **टिप्पणी** |
| 1 | पैरा–6 | अंशतः निर्णीत | सम्बद्धता एवं निरीक्षण शुल्क की ₹50000 की वसूली बारे | (सम्बद्धता शुल्क की राशि दण्ड सहित रसीद संख्या 46171 दिनाँक 12.02.11 द्वारा प्राप्त की गई) |
| 2 | पैरा–10 | अनिर्णीत | वाहन संख्या एच0पी0–39–4315 के प्रयोग के सम्बन्ध में | |
| 3 | पैरा–11 | अनिर्णीत | अराजपत्रित अवकाश वाले दिन गाड़ी के प्रयोग बारे | |
| | **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2010 से 2011** | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | **टिप्पणी** |
| 1 | पैरा–8 | अनिर्णीत | विक्रय केन्द्रों से ₹220020/– की वसूली न करना | |
| 2 | पैरा–10 | निर्णीत | पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹21250/–की निदेशक तकनीकी शिक्षा से वसूली न करने बारे | (वाउचर संख्या 837 दिनाँक 6.2.14 द्वारा वसूली कर ली है) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | पैरा–11 | अनिर्णीत | गलत वेतन निर्धारण के कारण ₹28831/– का अधिक भुगतान करने बारे | |
| 4 | पैरा–23 | अंशतः निर्णीत | वाहन संख्या एच0पी0–39–3323 की खरीद एवं औसत तेल खपत बारे | (स्वीकृति व बिल/वाऊचर देख लिए है) |
| | **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2011 से 2012** | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | |
| 1 | पैरा–5 | निर्णीत | रोकड़ वहियों के मासिक अन्तशेष का बैंक से मिलान न करने बारे | कार्रवाई देख ली है |
| 2 | पैरा–6 | निर्णीत | निवेश | कार्रवाई देख ली है |
| 3 | पैरा–9 | अनिर्णीत | बिना सरकार की अनुमति के निदेशक तकनीकी शिक्षा हिमाचल प्रदेश को ₹5 करोड़ प्रदान करने बारे | |
| 4 | पैरा–10 | अनिर्णीत | आई0टी0आई0 परिसर धर्मशाला में कम्पयूटर प्रयोगशाला व तीन आवासों के निर्माण बारे | |
| 5 | पैरा–11 | अनिर्णीत | विभागीय शुल्क के रूप में लगभग ₹172000/– का अधिक भुगतान करने बारे | |
| 6 | पैरा–14 | निर्णीत | विवरण परिचायकाओं की छपवाई, बिक्री व वापसी के सम्बन्ध में पाई गई अनियमितताएं | कार्रवाई देख ली है |
| 7 | पैरा–15 | अनिर्णीत | तकनीकी शिक्षा बोर्ड के वाहन पर किए गए खर्चे से सम्बन्धित अभिलेख में पाई अनियमितताएं | |
| | **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2012 से 2013** | | | |
| **क्र0सं0** | **पैरा सं0** | **पैरे की स्थिति** | **पैरे का संक्षिप्त विवरण** | |
| 1 | पैरा–3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क | |
| 2 | पैरा–4 | निर्णीत | वित्तीय स्थिति | (पुनः प्रारूपित) |
| 3 | पैरा–5 | निर्णीत | रोकड़ वहियों के अन्तशेष का प्रत्येक माह बैंक से मिलान न करना। | कार्रवाई देख ली है |
| 4 | पैरा–6 | निर्णीत | दिनाँक 31.03.13 को अग्रधन की ₹797924/– का समायोजन हेतु शेष पाया जाना | पुनः प्रारूपित/अपडेटिड पैरों को वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में सम्मिलित किया गया है |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | पैरा–7 | अनिर्णीत | मै0 एस0पी0एस0 इन्टरनेशनल द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति देरी से करने पर उनसे जुर्माने की ₹68040 की वसूली न करना व प्रतिभूति की ₹2 लाख को जब्त न करना | |
| 6 | पैरा–8 | अनिर्णीत | मै0 एस0पी0एस0 इन्टरनेशनल द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति देरी से करने पर उनसे जुर्माने के रूप में अत्याधिक कम राशि वसूलना तथा "performance warenty" की वसूली न करना | |
| 7 | पैरा–9 (क)(ख) | अनिर्णीत | प्रोस्पैक्टस की प्रिंटिंग/छपवाई का कार्य न्यूनतम दर वाली संविदा फर्म के स्थान पर दूसरी फर्म देकर फर्म को अनुचित लाभ पहुंचाने बारे | |
| 8 | पैरा–10(क)(ख) | अनिर्णीत | वर्कशाप के आयोजन हेतु ₹3240/– का अनुचित एवं अधिक भुगतान करना | |
| 9 | पैरा–11 | अंशतः निर्णीत | पारिश्रमिक के रूप में ₹2700/– का अधिक भुगतान करना | क्रम 1 व 2 की कार्रवाई देख ली है |
| 10 | पैरा–12 | निर्णीत | बिलों को देरी से जमा करने के कारण जुर्माने के रूप में ₹84 का भुगतान करना | रसीद संख्या 10306 दिनाँक 13.11.11 द्वारा वसूली कर ली है |
| 11 | पैरा–13 (क) | अनिर्णीत | वाहन संख्या एच0पी0–39–4315 की औसत कम दर्शाने बारे | |
| 12 | पैरा–13 (ख) | अनिर्णीत | वाहन संख्या एच0पी0–39 बी–3323 की औसत तेल की खपत का निर्धारण न करवाने | |
| 13 | पैरा–14(क)(ख) | निर्णीत | 14 (क) विवरण परिचायकाओं/प्रोस्पैक्टस की छपवाई तथा बिक्री इत्यादि से सम्बन्धित पाई गई अनियमितताएं | कार्रवाई देख ली है |
| | | | 14 (ख) प्रोस्पैक्टस के वितरण व वापिसी पर अपेक्षित सत्यापन न करवाया जाना | कार्रवाई देख ली है |
| 14 | पैरा–15 | अनिर्णीत | रसीदों को अनाधिकृत रूप से रद्द करना | |
| 15 | पैरा–16 | अनिर्णीत | गलत वेतन निर्धारण के कारण ₹15916 का अधिक भुगतान करना | |
| 16 | पैरा–17 | निर्णीत | यात्रा भत्ता के रूप में ₹1598/– का अधिक भुगतान | वसूली देख ली है |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17 | पैरा–18 | निर्णीत | नियमानुसार सेवा पंजिका का सत्यापन न करना | सत्यापित कर दी है |
| 18 | पैरा–19 (क)(ख) | निर्णीत | विविध बिलों के भुगतान से सम्बन्धित रजिस्टर तैयार न करना | कार्रवाई देख ली है |
| 19 | पैरा–20 | निर्णीत | परीक्षा व रिवेन्यूएशन फार्म शुल्क के सन्दर्भ में | वसूली देख ली है |
| 20 | पैरा–21 | निर्णीत | परफोर्मा बिल के आधार पर भुगतान करने बारे | कार्रवाई देख ली है |
| 21 | पैरा–22 | निर्णीत | स्टॉक का प्रत्यक्ष सत्यापन न करना | कार्रवाई देख ली है |

| **अनिर्णीत पैरों का सार** | |
|---|---|
| गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनुसार अनिर्णीत पैरे | 60 |
| वर्ष 2013–14 अंकेक्षण प्रतिवेदन में लगाए गए पैरे | (+)12 |
| कुल पैरे | 72 |
| वर्ष अंकेक्षण के दौरान निर्णीत किए गए पैरे | (–)22 |
| अन्तशेष (दिनाँक 31.03.14 तक) | 50 |